## सार-समाचार

### नरेन्द्र मेघवाल को समन्वयक बनाया


नरेन्द्र मेघवाल

**जालोर**, (कासं)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की ओर से शुक्रवार को एक आदेश जारी कर नरेन्द्र मेघवाल को बनासकांठा लो्कसभा क्षेत्र में चुनाव प्रबन्धन समन्वयक बनाया गया है। गुजरात विधानसभा चुनाव प्रभारी रघु शर्मा ने बताया कि नरेन्द्र मेंघवाल को गुजरात राज्य के बनासकाठा लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली सभी विधान सभा क्षेत्रों हेतु बूथ मेनेजमैन्ट एवं चुनाव प्रबधन समन्वयक के रूप में जिम्मेदारी दी है।

### भाजपा ने जल संरक्षण अभियान चलाया

**जोधपुर**, (कासं)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष में देशभर में चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के तहत भाजपा शहर जिला जोधपुर द्वारा विभिन्न सेवा कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। इसी क्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष देवेंद्र जोशी के निर्देशानुसार लम्पी डिजिज के तहत गौसेवा एवं जल संरक्षण व तालाब सरोवर की साफ सफाई के तहत कार्यक्रम के सह प्रभारी व भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश मंत्री शशिप्रकाश प्रजापत के नेतृत्व में गुरुओं का तालाब से जल संरक्षण करने व वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाया गया। इस दौरान क्षेत्र के निवासियों के घर जाकर जल संरक्षण के पत्रक बांटे गए। इस अवसर पर पौधारोपण भी किया गया। भाजपा संभाग मीडिया प्रभारी जगदीश धाणदिया ने बताया कि सेवा पखवाड़ा के तहत जल संरक्षण कार्यक्रम में भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मदन बोराणा, मोर्चा जिलाध्यक्ष गजेंद्र मेवाड़ा, कमलेश बोराणा, ओमप्रकाश मेवाडा, लिखमाराम परिहार, धीरज सुथार, सीपी परिहार ,प्रकाश वैष्णव, चंपालाल दहिया ,प्रवीण आचार्य, कमला देवी, शांति देवी, रामचंद्र भाटी सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

### भेड़-बकरी पालन का प्रशिक्षण 27 से

**गुड़ामालानी**, (निसं)। कृषि विज्ञान केंद्र गुड़ामालानी के वरिष्ठ वैज्ञानिक व अध्यक्ष डॉ.बी. एल. मीणा ने बताया कि आर्या परियोजना( ग्रामीण युवाओं को कृषि की ओर आकर्षित और बनाएं रखना) के तहत बकरी पालन और भेड़ पालन विषय पर दसे दिवसीय प्रशिक्षण केवीके पर 27 सितंबर से 7 अक्टूबर तक चलेगा है। इच्छुक अभ्यर्थी कार्य दिवस में आकर अपना फार्म केवीके में जमा करा सकता है। इस प्रशिक्षण में जो युवा बकरी पालन और भेड पालन से संबंधित अपना स्वरोजगार स्थापित करना चाहता है। जिसकी उम्र 18 से 35 वर्ष और आठवीं तक शिक्षा प्राप्त कर रखी हो वह युवा इसमें आवेदन कर सकता है। यह प्रशिक्षण विषय विशेषज्ञ डॉ. गीतेश मिश्र ने बताया की प्रशिक्षण में प्रशिक्षण में बकरियों और भेडों में होने वाली विभिन्न बीमारियों टीकाकरण, रखरखाव आवास व्यवस्था इत्यादि के बारे में सैद्धांतिक व प्रायोगिग जानकारियां दी जाएगी। इस दौरान डॉ. आशुसिंह गोदारा, डॉ. भेरूलाल डांगी, बैंक अधिकारियों, नाबार्ड डा. महेंद्र सिंह, डॉ. रावता राम के द्वारा जानकारिया दी जाएगी।

### स्वरोजगार के लिए 24 जनों के साक्षात्कार

**सुमेरपुर**, (निसं)। दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजिविका मिशन के स्वरोजगार कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को नगर पालिका सुमेरपुर कार्यालय में टास्क फोर्स समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में पालिका अधिशाषी अधिकारी प्रकाश डूडी ने बताया कि स्वरोजगार के लिए 2 लाख रूपए तक के ऋण के लिए कुल 24 आवेदन पत्रो पर निर्णय किया जाकर 18 व्यक्तियों के ऋण स्वीकृत, 4 आवेदन निरस्त एवं 2 आवेदन कर्ताओं के अनुपस्थिति रहने की वजह से उन पर विचार नही किया। उक्त आवेदन पत्रों को आगामी बैठक में रखे जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में भारतीय स्टेट बैंक, युनियन बैंक, सैन्ट्रल बैंक, बैंक ऑफ बडोदा, युको बैंक के प्रतिनिधि के साथ पालिका अधिशाषी अधिकारी प्रकाश डूडी, जिला प्रबंधक देवेन्द्रसिंह, व सी.ओ. भरत कुमार राठौड मौजूद रहे।

### वनकर्मियों का सामूहिक अवकाश 28 को

**पिंडवाड़ा**, (निसं)। संयुक्त संघर्ष समिति पिण्डवाड़ा ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर आगामी 28 सितम्बर को सामूहिक अवकाश की सूचना पत्र जिला कलैक्टर सौंपा।ज्ञापन में बताया कि समिति द्वारा वन विभाग में कार्यरत संवर्गो के वनकर्मी संघो द्वारा वन कर्मचारीयों की विभिन्न मांगो यथा समकक्ष पर समान वेतन, मैस भत्ता, ग्रेड-पे में संशोधन, नकद वर्दी भत्ता, पट्रोल भत्ता एवं हथियार को लेकर समस्त संभागों पर आन्दोलन करने की घोषणा की है। जबकि जोधपुर का एक दिवसीय आन्दोलन आगामी 28 सितम्बर को प्रस्तावित है। इस आन्दोलन एवं धरना प्रर्दशन में जिले के तीनों डिविजनो के समस्त वन कर्मचारी भाग लेगें। वही इसकी सूचना समिति द्वारा डीएफओं सहित अन्य अधिकारीयों को दी। यह धरना प्रर्दशन नरपत सिंह राजस्थान अधिनस्थ वन कर्मचारी संघ के नेतृत्व में होंगा। यह जानकारी संघ की प्रदेशाध्यक्ष अंजू चौहान ने दी।

### एवेंजर्स ने अग्रसेन क्रिकेट कप जीता

**जोधपुर**, (कासं)। श्रीअग्रसेन जयंती महोत्सव के अन्तर्गत आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में अग्रसेन एवेंजर्स ने अग्रसेन क्रिकेट कप पर कब्जा कर लिया। समिति के अध्यक्ष मुकुल गुप्ता एव संयोजक उमेश लीला ने बताया क्रिकेट मैच प्रतियोगिता पवित्राज धरोहर के बसंत अग्रवाल एवम गोयल हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान मे फाइनल मैच खेला गया। दर्शकों से खचाखच भरे मैदान मे फाइनल मैच श्री अग्रसेन एवेंजर्स तथा अग्रसेन फाइटर के बीच में हुआ। फाइनल मैच में नवीन मित्तल की टीम श्री अग्रसेन अवंचेर ने पहले बैटिंग करते हुए 15 ओवर में 162 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम अग्रसेन फाईटर 86 रन के स्कोर पर ऑलआउट हो गई। मैन ऑफ द सीरीज कल्पेस बंसल , बेस्ट बॉलर नवीन मित्तल, बेस्ट बेस्टमेन रवि अग्रवाल, बेस्ट फिल्डर हैप्पी मित्तल रहे। फाइनल मैच बहुत ही रोमांचक रहा। कार्यक्रम के अंतर्गत अग्रसेन जयंती महोत्सव समिति के संरक्षक सुरेश गोयल, सतीश अग्रवाल उपस्थित थे। शनिवार को श्री अग्रसेन सांस्कृतिक समारोह अग्रसेन वाटिका मे होता।

### शीतला माता गरबा मंडल की बैठक हुई

**भेडाणा**, (निसं)। भेडाणा में नवरात्रि गरबा मंडल को लेकर शुक्रवार को एक दिवसीय बैठक आयोजित हुई। जिसमें कार्यकर्ताओं ने विचार विमर्श किया शीतला माता गरबा मंडल के कार्यकर्ता मोहन पटेल, जगदीश पटेल, जगदीश सोलंकी, जैसा राम आदि कार्यकर्ताओं ने मिलकर शीतला माता मंदिर में बैठक कर आगे की रणनीति बनाई शीतला माता गरबा मंडल का दृश्य बहुत ही अच्छा है और कई गांवों से लोग देखने के लिए आते हैं। जिसने कलाकार अपनी खूबसूरत नव दुर्गा के रूप में गरबा मंडल की ओर से बहुत कलाकारी दिखाते हैं जिससे आसपास के गांव जैसे आमलियाला देव नगर डेडावास गोरिया कला नवापुरा ऐसी कई गांवों से लोग गरबा देखने के लिए यहां आते हैं।

### मारवाड़ स्पोर्ट्स क्लब एम.एस.विजेता

**जोधपुर**, (कासं)। जिला फुटबॉल संघ की ओर से आयोजित जिला स्तरीय सीनियर फुटबॉल प्रतियोगिता में मारवाड़ स्पोर्ट्स क्लब एम एस ने मारवाड़ स्पोर्ट्स क्लब डीएस को 1-0 से हराकर खिताब जीता। संघ के सचिव दिनेश सिंह चौहान ने बताया कि मुख्य अतिथि जितेंद्र सिंह शेखावत, विशिष्ट अतिथि गजेंद्र और किशोर सिंह शेखावत ने विजेता और उपविजेता टीम को पारितोषिक ट्रॉफी प्रदान की ! टीम में विशाल कुमार (कप्तान), सुनील, रोहित कुमार, प्रियांशु चौहान, युवराज, विवेक कुमार,यशवर्धन सिंह, प्रतीक भास्कर, तरुण, नावेद, हिमांशु, घनश्याम जोशी, लक्ष्य मंडा, श्रेय सुराणा, आकाश, सुरेंद्र,कवराज, पुष्पेंद्र, टीम के कोच सुरेंद्र सिंह बीका रामनिवास चौधरी, दिनेश आचार्य शामिल थे।

### सिवाना थानेदार का स्वागत किया

**सिवाना**, (निसं)। सिवाना पुलिस थाना के थानाधिकारी के नेतृत्व में लम्पी बीमारी से ग्रस्त गौ वंश की सेवा के लिए स्टॉफ ने 28800 रूपये की राशि प्रदान की। गौपुत्र सेना सिवाना प्रवक्ता मुकेश लंगेरा ने बताया कि सिवाना थानाधिकारी नाथूसिंह चारण ने सिवाना में लंपी रोग से ग्रसित गौ वंश के लिए गौ सेवा के लिए संपूर्ण थाना स्टॉफ ने 28800 रूपए की धनराशि गौ सेवाके लिए प्रदान कर एक अनूठी पहल की है। समाजसेवी विशनसिंह भायल, किशोरमाली, नरपतसिंह भायल, जगदीश जांगिड, दिनेश जैन, कपीलसिंह,गणपत चौधरी, सुरेश गहलोत,राजू भाई माली, माला भाई, मदन माली, हैप्पी मेवाडा, किशन, सुरेश माली, गौपुत्र सेना सिवाना, लिखमाराम सेवा संस्था के कायकर्ताओं ने थानाधिकारी का बहुमान किया।

# बालिकाओं के लिए चेतना जागृति अभियान शुरू

**जालोर**, (कासं)। जिला प्रशासन, महिला अधिकारिता विभाग जालोर एवं आर डी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में राजकीय उच्च माध्यमिक बालिका विद्यालय प्रताप चौक जालोर में बालिका चेतना जागृति अभियान का शुभारंभ जिला कलैक्टर निशांत जैन व जिला पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाला द्वारा किया गया।


जालोर में बालिका चेतना जागृति अभियान का शुभारंभ कलैक्टर निशांत जैन ( बाएं से चौथे ) व पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाला ( बाएं से तृतीय ) ने किया। फोटो-राष्ट्रदूत

कलेक्टर निशांत जैन ने कहा कि जिला प्रशासन व महिला एवं बाल विकास के साथ मिलकर आर डी फाउंडेशन द्वारा जिले में बालिका चेतना जागृति अभियान की शुरूआत गई है। विद्यालयी बालिकाओं को माहवारी स्वच्छता प्रबंधन के बारे में जानकारी दी जायेगी।

उन्होंने बताया कि राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी आई एम शक्ति उड़ान योजना के तहत नि:शुल्क सेनेटरी नैपकिन का वितरण किया जा रहा है। बालिका चेतना जागृति अभियान के तहत मेन्स्टुपीडिया कॉमिक बुक के माध्यम से कार्टून एवं चित्रों द्वारा बालिकाओं को माहवारी के संबंध में उपयोगी जानकारियाँ प्रदान की जायेगी।

जिला पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाला ने कहा कि बालिकाएँ अपनी आत्मरक्षा के प्रति जागरूक होकर समाज में आने वाली हर परिस्थिति का निडरता से सामना करें साथ ही कोई भी समस्या होने पर बिना किसी संकोच के पुलिस को सूचित करें।

आर.ए.एस. प्रशिक्षु पूनम चौधरी ने कहा कि माहवारी स्वच्छता प्रबंधन शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी अति आवश्यक है।

उन्होंने बालिकाओं को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए किशोरियों और महिलाओं की स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए राजस्थान सरकार की अभिनव पहल आई एम शक्ति उड़ान योजना पर जानकारी साझा की। आर डी फाउंडेशन के मैनेजर चेतन सिंह राठौड ने जिला प्रशासन का आभार जताते हुए फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे कार्यों से अवगत करवाया। आर डी फाउंडेशन के मैनेजर गजेंद्र सिंह कारोला ने बालिका चेतना जागरूकता अभियान के तहत प्रस्तावित कार्यक्रमों की जानकारी दी। प्रधानाचार्या ज्ञानी राठौड़ ने आभार ज्ञापित कया तथा मंच संचालन मीठालाल जांगिड ने किया।

कार्यक्रम में वीडियो के माध्यम से बालिका चेतना जागरूकता की जानकारी दी गई तथा बालिका चेतना जागृति वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया।

साथ ही बालिका चेतना जागृति पोस्टर का विमोचन किया गया। कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं को माहवारी के संबंध में उपयोगी मेन्स्टूपीडिया कॉमिक बुक का वितरण किया गया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग के उप निदेशक अशोक विश्नोई, विक्रम सिंह, गजेंद्र सिंह, डॉ दिनेश, भागीरथ चौधरी, जितेंद्र सिंह, दीपसिंह सहित विद्यालय स्टाफ एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

# निजी विद्यालय संघ ने शोभायात्रा निकाली


सायला में निजी विद्यालय संघ के तत्वावधान में विद्यार्थियों ने शोभायात्रा निकाली। फोटो-राष्ट्रदूत

**सायला**, (निसं)। जालोर जिले के भीनमाल में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन में शिरकत करने पहुंचे स्कूल शिक्षा जयपुर के प्रदेशाध्यक्ष अनिल शर्मा का पहली बार सायला आगमन पर निजी विद्यालय संघ सायला के ब्लॉक अध्यक्ष हरीश त्रिवेदी के नेतृत्व में स्वागत किया गया।

इस मौके भव्य शोभायात्रा अम्बे माता मंदिर से रवाना होकर पुराना बस स्टेण्ड होते हुए पंचायत समिति सभागार पहुंचकर संपन्न हुई। शोभायात्रा में रथ पर प्रदेशाध्यक्ष अनिल शर्मा बैठे थे और निजी विद्यालय के शिक्षक देशभक्ति डीजे की धुन पर पर निजी विद्यालय संघ के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा में निजी विद्यालय के शिक्षको शोभायात्रा में सबसे आगे डीजे, स्कूल के विद्यार्थी, सिर पर कलश धारण कर बालिकाएं चल रही थी।

शोभायात्रा में जगह जगह पर प्रदेशाध्यक्ष अनिल शर्मा का स्वागत किया गया। जिसमे अम्बे माता मंदिर में संकुल सायला, राजस्थान गेस्ट हाउस पर संकुल केशवना, उदेशो का वास पर संकुल तूरा, अंबेडकर चौक पर संकुल सुराणा, गणपति मंदिर पर संकुल रेवतड़ा, जैनों की गली पर संकुल बावतरा, जैन मंदिर पर संकुल आलवाडा, इसके साथ संकुल मांडवला, उम्मेदाबाद, पोषाणा, जीवाणा द्वारा भी स्वागत किया गया। के साथ विधालय के छात्र- छात्राएं और ग्रामीणों ने भी भाग लिया।

इसके बाद पंचायत समिति सभागार में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शर्मा ने कहा की सायला ब्लॉक के निजी संघ ने जिस उत्साह एवं जोश के साथ मेरा स्वागत किया, वह मैं कभी नहीं भूल सकता। मेरे जीवन में पहली बार ऐसा स्वागत मैंने देखा है। इसके लिए सायला ब्लॉक के सभी निजी शिक्षकों का धन्यवाद ज्ञापित करता हुं। इसके साथ उन्होंने निजी विद्यालयों की विभिन्न समस्याओ और उनकी निराकार की बात कही। इस मौके पर सायला ब्लॉक के सभी निजी स्कूल संचालक उपस्थित रहे।

### अवैध हथियार सहित गार्ड पकड़ा

**बाड़मेर**, (निसं)। जिले के नागाणा थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस ने एक आरोपी को अवैध हथियार व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी बाड़मेर के तेल क्षेत्र में एक प्राइवेट कंपनी में सुरक्षा गार्ड के पद पर तैनात था।

एसपी दीपक भार्गव ने जानकारी देते हुए बताया कि नागाणा पुलिस थानाधिकारी नरपत दान के निर्देशन में सहायक उप निरीक्षक बींजराजसिंह व पुलिस टीम ने मुलजिम सुरेन्द्रकुमार को दस्तयाब कर उसके कब्जे से सिंगल बैरल 12 बोर गन व पांच कारतूस व कूटरचित हथियार लाईसेन्स बरामद किया है।

एसपी भार्गव ने बताया कि नागाणा पुलिस टीम द्वारा मुखबीर की ईतला पर सुरेन्द्रकुमार पुत्र गोरधन शर्मा निवासी कनाप पुलिस थाना दाउद नगर जिला औरंगाबाद (बिहार) जो अभी एचएलएस कम्पनी, धने का तला में सुरक्षा गार्ड तैनात है को मंगला वेलपेड संख्या दो छीतर का पार पर एक्सप्लोजिव वाहन में सुरक्षा गार्ड डयूटी आते हुए को सिंगल बैरल 12 बोर गन व पांच कारतूस व कूटरचित हथियार लाईसेन्स के दस्तयाब कर हथियार लाईसेन्स के सम्बन्ध में सम्बन्धित विभाग से तस्दीक व पूछताछ की गई तो हथियार अनुज्ञापत्र कूटरचित होना पाया गया।

जिस पर आरोपी को गिरफतार किया गया। प्रकरण में अग्रीम अनुसंधान किया जा रहा है।

### युवक गिरफ्तार

**जोधपुर**, (कासं) देवनगर पुलिस ने एम.डी. ड्रग के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। देवनगर थानाधिकारी जयकिशन सोनी ने बताया कि गुरूवार रात एसआई दीपलाल ने कबाडी की दुकान के पास में गली में खुडाला झंवर निवासी श्रवणराम को पकड़ा।

### रेसला का सम्मेलन 27 को

**जालोर**, (कासं)। राजस्थान शिक्षा सेवा प्राध्यापक संघ (रेसला) जालोर का, दो दिवसीय जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन 23 सितम्बर को स्थगित कर 27 सितम्बर से प्रात: 10 बजे से उच्च माध्यमिक विद्यालय जसवंतपुरा में आयोजित किया जाएगा। जिला मंत्री मोहम्मद रफीक शेख ने बताया कि शैक्षिक सम्मेलन में अतिथि के रूप में रतन देवासी पूर्व उप मुख्य सचेतक, जिला प्रमुख जालोर राजेश राणा एवं श्रीराम गोदारा जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक शिक्षा जालोर रहेंगे। जिलाध्यक्षधन्ना राम माली ने बताया कि दो दिवसीय शैक्षिक सम्मेलन अब 27 सितम्बर से होगा। प्रधानाचार्य पदोन्नति, वाइस प्रिंसिपल डी पी सी, प्राध्यापकों की समस्यायों आदि पर मंथन होगा।

# अहिंसा सर्किल क्षेत्र में ब्रिज तोड़ने के विरोध में ग्रामीणों का प्रदर्शन

**गुड़ामालानी**, (निसं)। बाड़मेर जिले में गुड़ामालानी के अहिंसा सर्किल से निकलेनी वाले मेगा हाइवे पर बने ब्रिज को बिना अनुमति के तोड़ने पर ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार विद्यालय के विद्यार्थियों के आवागमन को लेकर पुर्व में ग्रामीणों की मांग एवं सड़क हादसों को लेकर रिडकोर विभाग ने ब्रिज का निर्माण करवाया था। जिससे सड़क हादसों में कमी आने के साथ विद्यालय के विद्यार्थियों व ग्रामीणों को सड़क पार करने में परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।


गुड़ामालानी में ग्रामीणों ने एस.डी.एम. कार्यालय पर विरोध प्रकट किया। फोटो-राष्ट्रदूत

शुक्रवार को बिना प्रशासन व रीडकोर की अनुमति के एक निजी ठेकेदार के कुछ लोगों ने लाखों रुपए की लागत से बने ओवर ब्रिज को ऊपर से तोडने लगे तो सुचना पर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने भारी विरोध जताकर कार्य को रुकवाया।

पुलिस को सूचना दी जिस पर पुलिस मौके पर पहुंचकर हाइड्रो केन को जब्त करते हुए कुछ लोगों को दस्तयाब कर पुलिस थाने लाया गया। मेगा हाईवे पर अहिंसा सर्किल व राजकीय सीनियर विद्यालय आया हुआ है एवं हाईवे पर पूरे दिन अत्यधिक वाहनों की आवाजाही होने के कारण सड़क पार करने को छात्र छात्राओं के लिए हर समय हादसे का खतरा बना रहता था। ग्रामीणों की मांग पर सडक निर्माण कंपनी रिडकोर द्वारा मेगा हाईवे पर विद्यालय के पास में लाखों रुपए खर्च कर छात्र छात्राओं एवं ग्रामीणों के हाईवे पार करने को ओवरब्रिज बनाया गया था, लेकिन शुक्रवार को मेगा हाईवे पर बने इस ब्रिज को प्रशासन व रीडकोर कंपनी की बिना अनुमति के एक ट्रांसपोर्ट कंपनी रिसमसिग के ठेकेदार द्वारा सुबह ब्रिज को हाइड्रो व गैस कटर मशीन लाकर काटकर तोडना शुरू कर दिया।

बिना अनुमति ब्रिज काटकर तोड़ने की सूचना पर बडी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो गए। और विरोध जताते हुए प्रदर्शन किया व कार्य रोकने की मांग की। ठेकेदार के नहीं मानने पर ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर अनुमति की जानकारी ली तो सारा मामला फर्जी पाया गया। जिस पर पुलिस ने निजी ठेकेदार के लोगों को दस्तयाब करते हुए हाइड्रो क्रेन जब्त कर ली। विरोध के बाद कार्य रुकवा दिया।

वहीं बिना अनुमति ओवरब्रिज तोड़ने को लेकर ग्रामीणों ने गुड़ामालानी उपखंड अधिकारी व रिडकोर के अधिकारियों को ज्ञापन देकर ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई करने एवम हाईवे पर वाहनों की आवाजाही के दौरान सड़क पार करते कोई हादसा ना इसके लिए जनहित में विद्यालय छात्र छात्राओं व ग्रामीणों की सुविधा के लिए बने ब्रिज को यथावत रखने की मांग की।

रिडकोर अधिकारी मनीष गोयल से बात करने पर बताया कि हमारे द्वारा ब्रिज तोड़ने को लेकर कोई परमिशन नहीं दी गई है। बृज तोडने की सूचना हमें मिली तो हमने पेट्रोलियम टीम गुड़ामालानी भेज दी । इसकी सूचना पुलिस को भी दी गई ।

ग्रामीण किसनाराम सियाग ने बताया कि बिना परमिशन ब्रिज तोड रहे थे। हमने जाकर रुकवाया पुलिस को सूचना दी। ब्रिज से दुर्घटना में कमी आई है। इसलिए यथावत स्थिति में ब्रिज को रखने को लेकर उपखंड अधिकारी को ज्ञापन दिया।

## सार-समाचार

### जागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटक

**बाप**, (निसं)। धरती पर बढ़ते प्रदूषण को लेकर सरकारें बहुत चिंतित है। इसी क्रम में 2 राज आर्म्ड एस क्यू एन एनसीसी जोधपुर यूनिट के निर्देशानुसार शुक्रवार को आमजन में जनजागृति के लिए सीनियर विद्यालय बाप के एनसीसी के स्वयं सेवको ने बाप के मुख्य बाजार में एक नुक्कड़ नाटक पेशकर आमजन को प्लास्टिक बहिष्कार का संदेश दिया। छात्रों ने प्लास्टिक से होने वाले नुकसान बताये। एएनओ लक्ष्मण राम सोलंकी ने कहा कि घरती पर प्लास्टिक एक जहर का काम कर रहा है। प्लास्टिक के कारण धरती बंजर हो रही है। प्लास्टिक के कारण कई रोग फैल रहे है। धरती पर प्लास्टिक के अंधाधुंध उपयोग के कारण एक समय मानव के लिए जीवन भी दूभर हो जाएगा। उन्होंने आमजन से कहा कि हम अपनी भावी पीढ़ी के लिए प्लास्टिक का उपयोग बन्द करे। प्लास्टिक के स्थान पर जुट व कपड़े की थैली का उपयोग करे। प्लास्टिक खाकर पशुधन भी काल के मुह में जा रहे है। नुक्कड़ नाटक के बाद उपस्थित जन समुदाय को प्लास्टिक बहिष्कार की शपथ दिलवाई की हम अपने दैनिक उपभोग में प्लास्टिक का बहिष्कार करेगे। अन्य लोगों को भी प्रेरित करेंगे। इस मौके पर शिक्षक जितेंद्र कुमार, ब्रह्मनंद, मनीष कुमार, कैडेट्स मनीष, हिमांशु, रविन्द्र, निम्बाराम, तिलोक सिंह, शेरा राम, सायर खा, माधो सिंह, रिछपाल सिंह, जाकिर खा, गौरीशंकर, कैलाश मौजद रहे।

### सर्वोदय परीक्षा के आवेदन की तिथि बढ़ी

**रानी**, (निसं)। राजस्थान सरकार के आदेश से राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड और राजस्थान राज्य गांधी स्मारक निधि की ओर से आयोजित होने वाली सर्वोदय विचार परीक्षा के आवेदन करने की तिथि अब 2 अक्टूबर तक बढ़ा दी गई है राजस्थान राज्य गांधी स्मारक निधि के पाली प्रतिनिधि डॉ राज कमल पारीक ने बताया कि सोमवार को बोर्ड के सचिव ने एक आदेश जारी कर इसकी घोषणा की। आदेश के अनुसार 12 अक्टूबर को पूर्व में आयोजित होने वाली सर्वोदय विचार परीक्षा स्थगित कर दी गई है। परीक्षा की नई तिथि की घोषणाबोर्ड जल्द करेंगा। उल्लेखनीय है कि सर्वोदय विचार परीक्षा का आयोजन राष्ट पिता महात्मा गांधी के जीवन मूल्यों और सिद्धांतों से विद्यार्थियों को रूबरू कराने के लिए किया जा रहा है। इस परीक्षा काआवेदन विद्यार्थी अपने महाविद्यालय, विद्यालय प्रधान के माध्यम से ही ऑनलाइन कर सकेगा परीक्षाएं नि:शुल्क है।

### स्वास्थ्य बीमा योजना पर चर्चा की

**जालोर**, (कासं)। चिकित्सा विभाग की ाओर से जिला कलैक्टर निशांत जैन के निर्देशन में भीनमाल स्थानीय पंचायत समिति मीटिंग हॉल में मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना की खण्ड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन विकास अधिकारी चुनाराम विश्नोई और ब्लॉक सीएमएचओ डॉ. दिनेश कुमार की अध्यक्षता में किया गया। कार्यशाला में बीसीएमओ डॉ कुमार ने चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि योजना में प्रत्येक परिवार को सालाना 10 लाख तक का कैशलेस ईलाज और पाँच लाख तक का दुर्घटना बीमा भी शामिल है। इसमें नि:शुल्क श्रेणी के परिवारों के अलावा अन्य परिवारों को मात्र 850 रुपए में वार्षिक बीमा कवर मिलता है। इस योजना से जुड़े परिवारों को अधिक से अधिक कैशलेस ईलाज सुविधा मुहैया करवाने के साथ वंचित परिवारों को सभी ग्राम पंचायत स्तर पर जुड़वाने के लिए प्रेरित किया जाए। समस्त आमजन को इस योजना के लाभ की जानकारी प्रदान करते हुए शेष रहे परिवारों को पंजीकरण करवाने के लिए प्रेरित किया जाए। कार्यशाला में योजना के ज़िला डीपीसी राजेंद्र सिंह खींची ने जिले में संबद्ध निजी चिकित्सालय, योजना में उपलब्ध पैकेजेस संबंधित विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पैरालीगल वोलंटियर्स रेवाराम सैन ने समस्त महिला प्रतिभागियों को महिलाओं के अधिकारों के बारे में बताया। कार्यशाला में ब्लॉक आशा समन्वयक कल्याणदास वैष्णव, वर्टिकल प्रभारी छगनाराम सुथार सहित ब्लॉक की समस्त एएनएम, सीएचओ और आशा सहयोगिनी उपस्थित रहे।

### गायत्री यज्ञ व गौ पूजन कार्यक्रम कल

**जालोर**, (कासं)। श्री गोधाम पथमेडा सांचौर की ओर से गो भक्ति संदेश यात्रा के माध्यम से गौ चिकित्सा अभियान प्रारंभ किया। अब उसी कार्यक्रम की कडी में लंपी स्किन बीमारी से पीडति गोवंश की पीडा को कम करने हेतु गौ चिकित्सा, गायत्री यज्ञ व गौ पूजन का आयोजन श्री शांतिनाथ आदर्श गौशाला सिरे मंदिर रोड जालौर में रखा गया है। मीडिया प्रभारी ममता माली ने बताया कि 25 सितंबर को सुबह 9.00 बजे से गायत्री यज्ञ व गौ पूजन का कार्य म प्रारंभ होगा वह साथ ही गौधाम पथमेडा द्वारा निर्मित आयुर्वेदिक औषधि से चिकित्सा की जायेगी व ओषधियों का वितरण भी किया जाएगा। मीडिया प्रभारी माली ने यह भी बताया कि इस अवसर पर गौ भक्त अधिक से अधिक संख्या में समय पर आये। व साथ में गौ माता के लिए यदि संभव हो तो गौ भात ( बाजरा की रोटी, लापसी दलिया आदि) गौ माता के लिए प्रसाद के रूप में साथ लेकर आएं। इस मुश्किल घड़ी में सभी गौ भक्त मिलकर आयोजन में भाग लेकर गौ माता के लिए प्रार्थना कर लंपी स्किन बीमारी से निजात के लिए सहयोग करें।

### जवाई बांध के पानी को लेकर बैठक कल

**सुमेरपुर**, (निसं)। जवाईबांध का पानी हमारा है, यही हमारा नारा है सहित जवाई बांध से किसानों को चार पाण पानी देने व सुमेरपुर क्षैत्र में रोजाना जलापूर्ति के लिए पानी रिजर्व रखने के लिए जवाई सुमेरपुर सतत विकास संघर्ष समिति के तत्त्वावधान में रविवार को शहर के शितला माता मंदिर प्रागंण में बैठक आयोजित की जाएगी। सुमेरपुर विकास मंच के अध्यक्ष जगदीश राजपुरोहित ने बताया कि जवाईबांध में उपलब्ध पेजयल होने के उपरान्त भी शहर में तीन दिन से एक बार पानी दिया जा रहा है जो गलत है। उन्होने कहा कि शहर में रोजाना पेयजल आपूर्ति, किसानो को चार पाण पानी उपलब्ध कराने सहित पाली, सोजत, जैतारण, मारवाड जक्शन के पेजयल के लिए अन्य विकल्प तलाशने व अन्य मांगों को लेकर विचार विमर्श किया जाएगा। उन्होंने शहरवासियों सहित किसानों से ज्यादा से ज्यादा भाग लेने के लिए आग्रह किया।

### बापू आश्रम में सामूहिक श्राद्ध तर्पण कल

**सुमेरपुर**, (निसं)। सुमेरपुर के जवाईबांध रोड स्थित बापू आश्रम सुमेरपुर में रविवार को सामूहिक श्राद्ध व तर्पण कार्यक्रम सुबह 10 बजे प्रारम्भ होगा। भारतीय संस्कृति में परस्पर भावयन्तु की भावना है जिसमे एक दुसरे को पुष्ट व उन्नत करने की मंगल कामना छुपी होती है। श्राद्ध पक्ष में अपने पूर्वजो की सद्गति व तृप्ति के लिए श्राद्ध व तर्पण कि महिमा शास्त्रों में बताई है। भारतीय संस्कृति का पुनर्जागरण करते हुए संत बापू ने पुरे विश्व में सामूहिक श्राद्ध कार्यक्रम आयोजित करवाकर विश्व में शांति समृधि और पितृ तर्पण की सुंदर परम्परा स्थापित किया। समिति प्रवक्ता जवानमल टांक ने बताया कि हर वर्ष सैकडो लोग श्राद्ध तर्पण में सहभागी बन कर तर्पण करते है इस वर्ष भी सभी कार्यक्रम में उपस्थित होकर पितरों की सद्गति निमित तर्पण करने के लिए आग्रह किया है।

### जीरावल में किशोरी मेले का आयोजन

**रेवदर**, (निसं)। जीरावल संघवी हंसराज कानाजी राजकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जीरावल में किशोरी मेले का आयोजन किया गया। प्रभारी दिनेश गर्ग व लक्ष्मी सुथार , अनिता के निर्देशन में किशोरी मेले में पीईईओ जीरावल के विभिन्न विद्यालयों की बालिकाओं ने भाग लिया। मटका दौड़ व चमच्च दौड़ के साथ चार्ट व मॉडल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। मुकेश पुरोहित, जगदीश, रामराज गुर्जर,कांतिलाल,अरविंद कुमार, भादरनाथ, रमेश राम, रमेश चंद्र, निखिल गर्ग, अमृतलाल , सुजाता शर्मा, छगनलाल उपस्थित रहे।

### गायों को हरा चारा व गुड़ खिलाया

**सायला**, (निसं)। भाजपा मंडल सायला द्वारा षुक्रवार को सेवा पखवाड़ा के तहत कात्यायनी माता गौशाला में गायों को हरा चारा, पशुआहार एवं गुड़ खिलाया गया। साथ ही गौ माता का हार पहनाकर आरती की गई। वही गौसेवा का संदेष देते हुए गौशाला परिसर मे पौधरोपण भी किया गया। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष नैनमल लखारा, महामंत्री मांगीलाल राजपुरोहित, पारसाराम राणा, मंगलसिंह दहिया, कल्याणसिंह दहिया, द्वारकादास वैष्णव, जगाराम माली, भोलाराम चौधरी, प्रकाश माली, हरिसिंह दहिया, प्रकाश चौधरी समेत कार्यकर्ता मौजूद थे।

### सुल्तान सिंह बिजोवा समिति के अध्यक्ष

**रानी**, (निसं)। ग्राम सेवा सहकारी समिति विजोवा में गुरुवार को निर्वाचन अधिकारी मोहित कुमार के निर्देशन में अध्यक्ष सुल्तान सिंह वरकाना, उपाध्यक्ष लच्छाराम लचेटा बिजोवा का निर्विरोध निर्वाचन संचालक मंडल ने किया। संचालक मंडल का निर्विरोध चुनाव 8 सितंबर को हो गया था। गुरुवार को अध्यक्ष व उपाध्यक्ष को निर्वाचन अधिकारी ने शपथ दिलाई।